संभाव्यता को ध्यान में रखती है । केन्द्रीय सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उचित दर की दुकानें इस तरह से खोलने की सलाह दी है कि उपभोक्ता उन तक आसानी से पहुंच सकें । राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 2000 व्यक्तियों के लिए एक उचित दर की दुकान का मापदण्ड सुझाया गया था । दुर्गम क्षेत्रों तथा आबादी के घनत्व में अंतर को देखते हुए इस संबंध में अपवाद हो सकते हैं ।

**दिल्ली में राशन कार्ड**

3261. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री छोटू भाई पटेल :**

क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले छः महीनों के दौरान दिल्ली प्रशासन को राशन कार्ड जारी करने के लिए क्षेत्र-वार कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ख) कितने राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं; और

(ग) शेष राशन कार्ड कब तक जारी कर दिए जाने की सम्भावना है ?

**नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद)** : (क) और (ख) सूचना नीचे दी गई है :—

| | प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या | रद्द किए गए आवेदनों की संख्या | जारी किए गए खाद्य कार्ड | लम्बित आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| 1. दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम व नई दिल्ली | 29894 | 2335 | 26869 | 690 |
| 2. (उत्तर, उत्तर-पूर्व व केन्द्रीय | 16717 | 1544 | 14014 | 1159 |
| 3. उत्तर पश्चिम, पूर्व व पश्चिम | 38892 | 3481 | 35411 | — |

(ग) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि बकाया आवेदनों के सत्यापन तथा शीघ्र निपटान के प्रयास किए जा रहे हैं । विभाग द्वारा कार्य की प्रगति की विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से परिवीक्षा की जाती है ।

**ISO-9000 certification for corporate bodies**

3262. SHRI B. K. HARIPRASAD : Will the Minister of CIVIL SUPPLIBS, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state :

(a) whether Government are aware that a number of corporate bodies are now keen to secure ISO-9000 certification of quality for exportable goods;

(b) whether Government propose to assign the said scheme to Bureau of Indian Standards; and